# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 196 /2022

**डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन (D.P.Ed.) पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण सत्र 2020–22 एवं 2021–23 में नियमानुसार वैध नामांकित छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु आवश्यक सूचना।**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अंतर्गत द्विवर्षीय D.P.Ed. पाठ्यक्रम संचालन हेतु संबद्ध तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर, (महाविद्यालय कोड–ACEMMZ20001) एवं मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्मारक एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इन्दिरा नगर, गोईमिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा (महाविद्यालय कोड–ACBIDR20001) के सत्र 2020–22 से एक यूनिट (50) प्रशिक्षणार्थी के दो–दो सत्र के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

उक्त के आलोक में दोनों संबंधित शारीरिक शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्राचार्य, संबंधित छात्र/छात्रा, अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा को सूचित किया जाता है कि द्विवर्षीय डी.पी.एड. पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2020–22 एवं 2021–23 के लिए महाविद्यालय में नियमानुसार नामांकित होकर अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के पंजीयन के लिए पंजीयन आवेदन प्रपत्र समिति के वेबसाईट **http://dped.biharboardonline.com/ तथा इसके साथ ही वेबसाईट http://biharboardonline.bihar.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर दिनांक 19.10.2022** से अपलोड रहेगा। प्राचार्य, समिति स्तर से उन्हें भेजे गए User Id एवं Password का उपयोग कर, पंजीयन आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर लेंगे तथा अपने महाविद्यालय के विधिवत् नामांकित एवं अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायेंगे और उनके द्वारा भरा हुआ पंजीयन आवेदन प्रपत्र ऑफलाईन मोड में महाविद्यालय में संधारित कर लेंगे। तदोपरान्त छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये पंजीयन आवेदन पत्र का महाविद्यालीय अभिलेख से जाँचोपरांत एकरूपता की स्थिति में अभिलेख के आधार पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा समिति के उक्त वेबसाईट पर दिनांक **19.10.2022 से 25.10.2022 तक** की अवधि में ऑनलाईन माध्यम से पंजीयन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्कादि भरा जाएगा। उक्त अवधि तक भरे गये ऑनलाईन पंजीयन आवेदन का सिर्फ पंजीयन शुल्कादि दिनांक 26.10.2022 तक निर्धारित माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। ऑनलाईन भरे गये पंजीयन आवेदन प्रपत्र का डमी पंजीयन कार्ड समिति के वेबसाईट पर **दिनांक 03.11.2022** को संशोधन हेतु अपलोड कर दिया जाएगा। डमी पंजीयन कार्ड में सुधार हेतु Portal **दिनांक 03.11.2022 से 05.11.2022** तक खुला रहेगा।

इस संबंध में दोनों महाविद्यालय के प्राचार्यों को समिति द्वारा अलग से विस्तृत दिशा निदेश प्रेषित किया जा रहा है। संबंधित छात्र/छात्रा अपने महाविद्यालय से संपर्क कर पंजीयन कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त रूप से पंजीकृत छात्र/छात्रा ही D.P.Ed. पाठ्यक्रम की आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : 367 /2022 पटना, दिनांक : 17 / 10 / 2022

पत्रांक : 368...../2022

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**प्रेषक,**

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

बिहार विद्यायल परीक्षा समिति, पटना

**सेवा में,**

**प्राचार्य,**

1. तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर
2. मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्मारक एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इन्दिरा नगर, गोईमिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा

**पटना, दिनांक 17/10/2022**

**विषय : डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन (D.P.Ed.) पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण सत्र 2020–22 एवं 2021–23 में नियमानुसार वैध नामांकित छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशक, शैक्षणिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक– 42 दिनांक 29.01.2020 द्वारा तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर एवं पत्रांक–53 दिनांक 06.03.2021 द्वारा मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्मारक एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इन्दिरा नगर, गोईमिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा को सत्र 2020–22 से एक यूनिट (50) प्रशिक्षणार्थी को दो वर्षीय डी०पी०एड० कोर्स संचालन हेतु संबद्धता प्रदान की गई है। साथ ही निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण के पत्रांक 312 दिनांक 31.05.2022 के आलोक में सत्र 2022–24 से पूर्व के सत्रों की परीक्षा एन॰सी॰टी॰ई॰ द्वारा निर्धारित डी०पी०एड० पाठ्यक्रम के आधार पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को परीक्षा आयोजित करने पर सहमति प्रदान की गयी है।

2. तदोपरान्त उप सचिव (संबद्धता), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक–617 दिनांक 14.10.2022, जो प्राचार्य/सचिव, तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर को सीधे प्रेषित है, के माध्यम से महाविद्यालय को **कोड सं0–ACEMMZ20001** तथा पत्रांक–616 दिनांक 14.10.2022, जो प्राचार्य/सचिव, मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्मारक एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इन्दिरा नगर, गोईमिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा को सीधे प्रेषित है, के माध्यम से महाविद्यालय को **कोड सं0–ACBIDR20001** आवंटित किया गया है।

3. उक्त के आलोक में सूचित किया जाता है कि द्विवर्षीय डी॰पी॰एड॰ पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2020–22 एवं 2021–23 के लिए महाविद्यालय में नियमानुसार नामांकित होकर अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के पंजीयन के लिए पंजीयन आवेदन प्रपत्र समिति के वेबसाइट **http://dped.biharboardonline.com/ तथा इसके साथ ही वेबसाईट** http://biharboardonline.bihar.gov.in **पर उपलब्ध लिंक पर दिनांक 19.10.2022** से अपलोड रहेगा। प्राचार्य, समिति स्तर से उन्हें भेजे गए User Id एवं Password का उपयोग कर, पंजीयन आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर लेंगे तथा अपने महाविद्यालय के विधिवत् नामांकित एवं अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायेंगे और उनके द्वारा भरा हुआ पंजीयन आवेदन प्रपत्र ऑफलाईन मोड में महाविद्यालय में संधारित कर लेंगे।

4. **दिनांक 19.10.2022 से 25.10.2022 तक की अवधि में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन पंजीयन आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में** :–छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये पंजीयन आवेदन पत्र का महाविद्यालीय अभिलेख से जाँचोपरांत एकरूपता की स्थिति में अभिलेख के आधार

पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा, User Id एवं Password का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाईट पर दिनांक **19.10.2022 से 25.10.2022 तक** की अवधि में ऑनलाईन माध्यम से पंजीयन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क भरा जाएगा। शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु यह आवश्यक है कि नियम संगत एवं वैध अभ्यर्थित्व वाले छात्र/छात्राओं का पंजीयन सत्र 2020–22 एवं 2021–23 के लिए हो और इसमें किसी भी प्रकार की चूक नहीं होने पाए। दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा स्वीकृत सीट के अन्तर्गत ही नियमानुसार नामांकित छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने के संबंध में अग्रलिखित कंडिकाओं में अंकित निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ताकि महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं का पंजीयन आवेदन पत्र एवं शुल्क ससमय सुगमता से भरा जा सके।

5. डी॰पी॰एड॰पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2020–22 एवं 2021–23 के पंजीयन की मान्यता लगातार तीन वर्ष के लिए ही मान्य होगी।

6. <u>पंजीयन आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क का विवरण निम्नवत् है</u> :

| मद | निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| ऑनलाईन पंजीयन आवेदन पत्र शुल्क (सभी कोटि के छात्र/छात्राओं को) | 50 |
| ऑनलाईन डाटा इन्ट्री शुल्क | 20 |
| पंजीयन शुल्क | 300 |
| **कुल राशि** | **370** |

6.1 दिनांक **25.10.2022** तक की निर्धारित अवधि तक किसी छात्र/छात्रा का ऑनलाईन भरे गये पंजीयन आवेदन पत्र से संबंधित शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में दिनांक **26.10.2022** तक पंजीयन शुल्क निर्धारित माध्यम के तहत स्वीकार किया जायेगा।

7. छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गये पंजीयन आवेदन पत्र महाविद्यालय में संधारित है, को महाविद्यालय के प्राचार्य अपने स्तर पर कार्यालय में विधिवत् संधारित नामांकन पंजी एवं अन्य संगत अभिलेखों से पंजीयन आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा द्वारा भरी गयी सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक मिलान कर आश्वस्त हो लेंगे कि उसमें अंकित सभी प्रविष्टियाँ महाविद्यालय के संगत अभिलेखों/नामांकन पंजी के बिल्कुल अनुरूप हैं।


7.1 महाविद्यालय के प्राचार्य जिन छात्र/छात्राओं का पंजीयन आवेदन पत्र ऑनलाईन भरेंगे एवं निर्धारित शुल्क जमा करेंगे, वह प्रत्येक छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन भरे गये पंजीयन आवेदन की तीन प्रतियाँ समिति के वेबसाईट से डाउनलोड करेंगे। दो प्रति अपने हस्ताक्षर/मुहर के साथ संबंधित छात्र/छात्रा को उपलब्ध करा देंगे और तीसरी प्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे।

7.2 भरे गए पंजीयन आवेदन में यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो संबंधित छात्र/छात्रा/अभिभावक द्वारा उसमें वांछित संशोधन कर अपने हस्ताक्षर के साथ अपने महाविद्यालय प्राचार्य को उपलब्ध करा देंगे।

7.3 त्रुटि सुधार हेतु हस्ताक्षर के साथ प्राप्त पंजीयन आवेदन को महाविद्यालीय अभिलेखों से मिलान कर संतुष्ट होने के उपरान्त ही महाविद्यालय प्राचार्य पोर्टल पर वांछित संशोधन करेंगे।

8. **<u>निर्धारित तिथि के बाद पंजीयन आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि इसके कारण किसी छात्र/छात्रा का पंजीयन नहीं होता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।</u>**

9. **ऑनलाईन पंजीयन आवेदनभरे जाने की प्रक्रिया :**



(i) **Login के संदर्भ में** :–महाविद्यालय के प्राचार्य के लिए समिति के वेबसाईट पर निदेश उपलब्ध रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये User Id एवं Password के आधार पर उक्त वेबसाईट पर Login करने के लिये डिफॉल्ट यूजर आई०डी०–Collegecode@bseb.com का प्रयोग करेंगे।

(ii) **पंजीयन आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में** :–

(a) Login के उपरान्त महाविद्यालय से संबंधित विवरणी का पेज खुलेगा जिसमें छात्र/छात्रा का विवरण भरकर Submit बटन पर क्लिक करेंगे।

(b) Submit के उपरान्त छात्र/छात्रा का फोटो अपलोड पेज खुलेगा जिसमें छात्र/छात्रा का फोटो तथा हस्ताक्षर (निर्धारित साईज में) अपलोड कर Save बटन पर क्लिक करेंगे।

(iii) **छात्र/छात्रा से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन** :–उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात पंजीयन आवेदन में छात्र/छात्रा का भरा गया विवरण, अपलोड किये गये फोटो तथा हस्ताक्षर के साथ पूरा फॉर्म दिखेगा जिसमें डिक्लरेशन स्टेटमेंट के साथ लगे चेक बॉक्स के चेक करके Final Submit बटन पर क्लिक करेंगे। यदि किसी सुधार की आवश्यकता है तो Edit बटन पर क्लिक करके आवेदन को संशोधित कर Final Submit बटन पर क्लिक करेंगे।

10. **शुल्क जमा करने की प्रक्रिया** :–महाविद्यालय प्राचार्य, समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के वेबसाईट पर Login कर पंजीयन शुल्क भुगतान के लिए "Make Payment" पर क्लिक करेंगे, जो वेबसाईट के होम पेज पर दाहिने भाग में "Quick Link" में उपलब्ध रहेगा। पंजीयन आवेदन शुल्क का भुगतान निम्नांकित माध्यम से किया जा सकता है :–

11. **पंजीयन शुल्क के भुगतान की प्रक्रिया**:–

11.1 **ऑनलाईन भुगतान** :–ऑनलाईन पेमेंट डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किये गये ऑनलाईन भुगतान के संबंध में अपने बैंक खाता से निकासी हुई है या नहीं इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे।

11.2 **NEFT के माध्यम से भुगतान** :– महाविद्यालय प्राचार्य NEFT पर अंकित खाता संख्या, IFSC Code एवं Total Amount के संबंध में भुगतान करने से पहले अवश्य जाँच कर लेंगे। Total Amount से कम या अधिक राशि होने पर NEFT की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाएगी और राशि वापस उसी खाते में लौट जाएगी।

➢ महाविद्यालय के प्राचार्य NEFT का भुगतान कभी भी कई Payment Advice को मिलाकर एक बार में न करें।

➢ महाविद्यालय के प्राचार्य जिस बैंक के खाते से NEFT में शुल्क का भुगतान कर रहे हों उस बैंक का NEFT का निर्धारित शुल्क अलग से देय होगा। NEFT से भुगतान के लिए Payment Advice में अंकित राशि को उसमें अंकित Account No. में जमा कराना अनिवार्य है।

➢ यदि NEFT से महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया भुगतन वापस पुनः उसी खाते में आ जाता है, तो वह राशि उसी NEFT करने वाले बैंक के Suspense Account में जमा हो जाती है। अतः महाविद्यालय के प्राचार्य NEFT से राशि भुगतान करने के 24 घन्टे के उपरान्त उस बैंक से अवश्य सुनिश्चित हो लेंगे कि उनके द्वारा किया गया भुगतान सफल हो गया है।

➢ यदि पहली बार किसी बैंक के Account से शिक्षण संस्थान के प्राचार्य द्वारा NEFT से भुगतान किया जा रहा हो तो उस बैंक में अपने Account का CIF नम्बर (स्पेशल कैरेक्टर रहित) जिसमें यदि कोई स्पेशल कैरेक्टर होता है, तो उस स्पेशल कैरेक्टर को हटाना आवश्यक होगा तभी NEFT से भुगतान किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई आवश्यक जानकारी अपने बैंक से प्राप्त की जा सकती है।

➢ महाविद्यालय के प्राचार्य NEFT से मात्र Payment Advice पर अंकित Account No. पर ही भुगतान करेंगे। किसी अन्य Account No. पर किया गया भुगतान मान्य नहीं होगा।

निर्धारित शुल्क की भुगतान हेतु राशि निम्नलिखित विकल्प के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा :–क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग।पंजीयन शुल्क आनलाईन भुगतान के पश्चात 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लें। खाता से राशि की निकासी

के पश्चात् समिति के खाता में शुल्क नहीं जमा होने की स्थिति में संबंधित आवेदन को अपूर्ण मानते हु स्वीकार नहीं किया जाएगा।

12. **छात्र/छात्राओं की समेकित सूची के संदर्भ में** :–महाविद्यालय पंजीकृत सभी छात्र/छात्राओं की समेकित सूची एवं भुगतान की प्रविष्टि देख सकते हैं तथा प्रिंट कर सकते हैं।

13. **लॉग आउट** :–महाविद्यालय उपर्युक्त प्रकिया अनुसरण करने के बाद लॉग आउट कर सकते हैं।

14. **ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व सूचनाओं/कागजातों को तैयार रखने के संदर्भ में अनुदेश** :–

ऑनलाईन आवेदन पत्र में वैध ई–मेल आई0डी0/आधार नंबर/मोबाईल नं0 की प्रविष्टि करें। इन सूचनाओं में आधार नम्बर प्रविष्टि की बाध्यता नहीं है।

15. **छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** :–

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–

Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो।(40–50 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।

Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm (approx. 60 % to 70%)

Background :- Plain White or Light Green

(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॅरमेट(3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

16. इसमें विशेष सावधानी की आवश्यकता है कि सूचीकरण आवेदन भरते समय छात्र/छात्रा के नाम, माता–पिता के नाम के स्पेलिंग, जन्म तिथि, कोटि, जाति कोटि, लिंग, विषय आदि में कोई त्रुटि न हो।

17. ऑनलाईन भरे गये पंजीयन आवेदन प्रपत्र का डमी पंजीयन कार्ड समिति के वेबसाईट पर **दिनांक 03.11.2022** को संशोधन हेतु अपलोड कर दिया जाएगा। डमी पंजीयन कार्ड में सुधार हेतु Portal **दिनांक 03.11.2022 से 05.11.2022** तक खुला रहेगा।

18. ऑनलाईन भरे गये पंजीयन आवेदनपत्र में हुई त्रुटियों का संशोधन करने हेतु अपनायी जाने वाली प्रक्रिया निम्नवत् है :–

**18.1** प्राचार्य समिति के वेबसाईट पर समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये User Id एवं Password डालने के बाद लॉग–इन बटन पर क्लिक करें।

**18.2** लॉग–इन बटन पर क्लिक करने के पश्चात् महाविद्यालय के Dashboard के दायीं ओर D.P.Ed. Registration Session2020–22 एवं 2021–23लिंक मिलेगा।

**18.3** **D.P.Ed.** Registration Session 2020–22 एवं 2021–23 लिंक पर क्लिक करने के पश्चात् Search/Edit (Correction)लिंक मिलेगा।

**18.4** Search/Edit (Correction) लिंक पर क्लिक करने के पश्चात् Search बटन पर फॉर्म नम्बर डालकरSearchऑपशन पर क्लिक करना है।

**18.5** Search option पर क्लिक करने के पश्चात् भरे गये पंजीयन आवेदन–पत्र से संबंधित छात्र/छात्रा का विवरण दिखाई देगा। इसमें जिस भी छात्र/छात्रा के विवरण में संशोधन करना है, उसके सामने दिखाई दे रहे Profile edit बटन पर क्लिक करना है।

**18.6** Profile edit बटन पर क्लिक करने के पश्चात् संबंधित छात्र/छात्रा का डमी पंजीयन कार्ड में आवश्यक सुधार करने के लिए उपलब्ध होगा।

19. ऑनलाईन पंजीयन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर महाविद्यालय की सहायता हेतु **E-mail Id : bsebvividhhelpdesk@gmail.com** पर मेल भेज सकते हैं।

अतः अनुरोध है कि प्राथमिकता देते हुए डी.पी.एड.प्रशिक्षण सत्र 2020–2022 एवं 2021–23 में नामांकित वैध अभ्यर्थित्व वाले छात्र–छात्राओं के पंजीयन आवेदन एवं शुल्क निर्धारित अवधि में ऑनलाईन जमा करने की सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

17.10.2022

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : 368 /2022 पटना, दिनांक : 17 / 10 2022